दिल्ली पुलिस
शांति सेवा न्याय



# यातायात निर्देशिका

## स्वतंत्रता दिवस समारोह

**15 अगस्त, 2023 लाल किला ( प्रातः 4.00 बजे से प्रातः 11.00 बजे तक)**



G20

**स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त, 2023 को लाल किले पर मनाया जाएगा। भारत के माननीय प्रधानमंत्री लाल किले के प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। आमंत्रित व्यक्तियों की सुविधा और सुरक्षा कारणों से 15 अगस्त, 2023 को लाल किले के आसपास कुछ यातायात प्रतिबंध लगाए जाएंगे।**

### लाल किले के आसपास यातायात प्रतिबंध

**निम्नलिखित सड़कें 15.08.2023 को प्रातः 4.00 बजे से प्रातः 11.00 बजे तक सामान्य यातायात के लिए बंद रहेंगी और केवल लेबल वाले वाहनों को ही जाने की अनुमति होगी:**

1. नेताजी सुभाष मार्ग दिल्ली गेट से छत्ता रेल तक।
2. लोथियन रोड जीपीओ दिल्ली से छत्ता रेल तक।
3. एस.पी.मुखर्जी मार्ग एच.सी.सेन मार्ग से यमुना बाजार चौक तक।
4. चांदनी चौक रोड फव्वारा चौक से लाल किला तक।
5. निषाद राज मार्ग रिंग रोड से नेताजी सुभाष मार्ग तक।
6. एस्प्लेनेड रोड और इसकी लिंक रोड से नेताजी सुभाष मार्ग तक।
7. रिंग रोड पर राजघाट से आईएसबीटी तक।
8. आउटर रिंग रोड पर आईएसबीटी से आईपी फ्लाईओवर अर्थात् सलीमगढ़ बाईपास तक।

### 15.08.2023 को प्रातः 4.00 बजे से प्रातः 11:00 बजे तक निम्नलिखित सड़कों पर जाने से बचें:

जिन वाहनों पर रिहर्सल के लिए पार्किंग लेबल नहीं है वे सी–हेक्सागन इंडिया गेट, कॉपरनिकस मार्ग, मंडी हाउस, सिकंदरा रोड, डब्ल्यू प्वाइंट, ए प्वाइंट तिलक मार्ग, मथुरा रोड, बीएसजेड मार्ग, नेताजी सुभाष मार्ग, जे.एल. नेहरू मार्ग और निजामुद्दीन खत्ता तथा आईएसबीटी कश्मीरी गेट के बीच रिंग रोड और निजामुद्दीन खत्ता एवं सलीमगढ़ बाईपास होते हुए आईएसबीटी कश्मीरी गेट तक बाहरी रिंग रोड पर जाने से बचें।

**उत्तर–दक्षिण पहुँचः**

**विकल्प 1:** अरबिंदो मार्ग–सफदरजंग रोड–कमाल अतातुर्क मार्ग–कौटिल्य मार्ग–एस मार्ग–11 मूर्ति–मदर टेरेसा क्रिसेंट–पार्क स्ट्रीट–मंदिर मार्ग–पंचकुईयां रोड–रानी झांसी रोड होते हुए उत्तरी दिल्ली में अपने गंतव्य तक पहुंचे एवं वापस जाएं।

**विकल्प 2:** कनॉट प्लेस–मिंटो रोड–भवभूति मार्ग–अजमेरी गेट–श्रद्धानंद मार्ग–लाहोरी गेट चौक–नया बाजार–पीली कोठी–एस.पी.मुखर्जी मार्ग से पु.दि.रे.स्टे. होते हुए उत्तरी दिल्ली में अपने गंतव्य तक पहुंचे एवं वापस जाएं।

**विकल्प 3:** यमुना–पुश्ता रोड – जी.टी. रोड पार करके निजामुद्दीन पुल पर पहुंचें और युधिष्ठिर सेतू पार करके आईएसबीटी होते होते हुए उत्तरी दिल्ली में अपने गंतव्य तक पहुंचे एवं वापस जाएं।

**पूर्व–पश्चिम पहुँचः**

1. एनएच–24 (एनएच–9)–निजामुद्दीन खत्ता–बारापुला रोड–एम्स फ्लाईओवर के नीचे–रिंग रोड।
2. डीएनडी–बारापुला रोड और आगे उपरोक्त 1 के अनुसार या रिंग रोड पर आश्रम होते हुए आगे जाएं।
3. एनएच–24 (एनएच–9)–निजामुद्दीन खत्ता–रिंग रोड–भैरो रोड–मथुरा रोड–सुब्रमणयम भारती मार्ग–राजेश पायलट मार्ग– पृथ्वीराज रोड–सफरदरजंग रोड–कमाल अतातुर्क मार्ग–पंचशील मार्ग–एसपी मार्ग / रिज रोड होते हुए जाएं एवं वापस आएं।
4. विकास मार्ग–आईपी मार्ग–डीडीयू मार्ग–मिंटो रोड और उसके बाद कनॉट प्लेस या अजमेरी गेट–डीबीजी होते हुए आगे जाएं।
5. पुश्ता रोड (शास्त्री पार्क)–जीटी रोड–युधिष्ठिर सेतू–आईएसबीटी कश्मीरी गेट एवं आगे रिंग रोड या रानी झांसी रोड होते हुए आगे जाएं।

रिंग रोड पहुंचने के लिए डीएनडी–एनएच–24 (एनएच–9) युधिष्ठिर सेतु–सिग्नेचर ब्रिज–वजीराबाद खुला रहेगा।

शांति वन की तरफ पुराना लोहे का पुल एवं गीता कॉलोनी पुल बंद रहेगा।

लोगों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम समय में भीड़ और असुविधा से बचने के लिए जल्दी पहुंचे।

### संकेत

सभी महत्वपूर्ण यातायात चौराहों पर लाल किले के लिए निर्धारित वाहनों के यातायात मार्गदर्शन के लिए पर्याप्त सूचनात्मक संकेत प्रदर्शित किए जाएंगे।

### वाणिज्यिक वाहनों एवं अंतर्राज्जीय बसों के आवागमन पर प्रतिबंध

1. 14.08.2023 को मध्यरात्रि 12.00 बजे से 15.08.2023 को प्रातः 11.00 बजे तक निजामुद्दीन पुल और वजीराबाद पुल के बीच माल वाहनों की आवाजाही की अनुमति नहीं होगी।
2. 14.08.2023 को मध्यरात्रि 12.00 बजे से 15.08.2023 को प्रातः 11.00 बजे तक महाराणा प्रताप आईएसबीटी और सराय काले खां आईएसबीटी के बीच अंतर्राज्जीय बसों की आवाजाही की अनुमति नहीं होगी।

### प्रतिबंधित सड़कों के अलावा शहरी बसों की आवाजाही पर प्रतिबंध

डीटीसी सहित स्थानीय सिटी बसें आईएसबीटी कश्मीरी गेट और रिंग रोड–एनएच–24 (एनएच–9)/एनएच ''टी'' प्वाइंट (निजामुद्दीन खत्ता) के बीच 14.08.2023 को मध्यरात्रि 12.00 बजे से 15.08.2023 को प्रातः 11.00 बजे तक रिंग रोड पर नहीं चलेंगी और उपलब्ध वैकल्पिक मार्ग लेंगी।

14.08.2023 को मध्यरात्रि 12.00 बजे से 15.08.2023 को प्रातः 11.00 बजे तक निम्नलिखित सड़कों पर भी अंतर्राज्जीय/डीटीसी बसों की आवाजाही बंद रहेगी।

क) लोथियन रोड छत्ता रेल चौक से कश्मीरी गेट (बुलेवार्ड रोड) तक।
ख) नेताजी सुभाष मार्ग छत्ता रेल चौक से दिल्ली गेट तक।
ग) श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग
घ) निजामुद्दीन खत्ता (एनएच–24) और आईएसबीटी कश्मीरी गेट के उत्तरी लूप के बीच रिंग रोड।
ड.) 'सी' हेक्सागन, शेरशाह रोड, डॉ. जाकिर हुसैन रोड, पंडारा रोड, शाहजहां रोड, अकबर रोड, राजपथ, अशोका रोड, केजी मार्ग, कॉपरनिकस मार्ग, तिलक मार्ग, पुराना किला रोड, सिकंदरा रोड, भगवान दास रोड और बीएसजेड मार्ग।
च) अशोका रोड पर विंडसर प्लेस गोल चक्कर से ''सी'' हेक्सागन तक।
छ) केजी मार्ग पर फिरोजशाह रोड से ''सी'' हेक्सागन तक।
ज) विकास मार्ग पर लूप से आगे दिल्ली सचिवालय की तरफ।
झ) मथुरा रोड पर आश्रम चौक से डब्ल्यू प्वाइंट तक।

आम तौर पर लाल किला, जामा मस्जिद और दिल्ली मेन रेलवे स्टेशन पर समाप्त होने वाली बसों का निम्नानुसार मार्ग संक्षिप्त/मार्ग परिवर्तित किया जाएगा।

1) दक्षिण एवं पश्चिम दिल्ली के लिए जाने वाली बसों के लिए जे. एल. एन. मार्ग पर रामलीला मैदान के सामने।
2) उत्तर, उत्तर पश्चिम से आने वाली बसों के लिए बर्फखाना होते हुए मोरी गेट एवं तीस हजारी एवं आईएसबीटी पुल होते हुए पूर्वी दिल्ली।
3) रिंग रोड होते हुए उत्तरी दिल्ली से आने वाली बसों के लिए महाराजा अग्रसेन पार्क के सामने बुलेवार्ड रोड।

**प्रातः 11.00 बजे के बाद सामान्य बस सेवा बहाल हो जाएगी।**

### महत्वपूर्ण स्थानों पर कैसे पहुंचें

**1. पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशनः**

क) **पश्चिम और दक्षिणी दिल्ली से:** मदर टेरेसा क्रिसेंट – पार्क स्ट्रीट – मंदिर मार्ग – पंचकुइयां रोड – रानी झाँसी फ्लाईओवर – आजाद मार्केट – बुलेवार्ड रोड – मोरी गेट – पुल डफरिन – रेलवे स्टेशन या धौला कुआं तक पहुँचने के लिए एस.पी. मुखर्जी मार्ग – रिज रोड (वंदे मातरम मार्ग) – फैज रोड – रानी झांसी रोड एवं उसके बाद उपरोक्तानुसार एवं वापसी।
ख) **उत्तर से:** मोरी गेट – पुल डफरिन – एस.पी. मुखर्जी मार्ग।
ग) **पूर्व/उत्तर पूर्व से:** पुस्ता रोड – युधिष्ठिर सेतु – मोरी गेट – पुल डफरिन – एस.पी. मुखर्जी मार्ग होते हुए आगे जाएं।

**2. नई दिल्ली रेलवे स्टेशनः**

क) **पूर्व से:** विकास मार्ग, डीडीयू मार्ग, भवभूति मार्ग, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन।
ख) **उत्तर पूर्व से:** युधिष्ठिर सेतु, रानी झाँसी रोड, रानी झाँसी गोल चक्कर, डीबीजी रोड होते हुए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक पहुँचें या मोरी गेट, पुल डफरिन, एस.पी. मुखर्जी मार्ग, कुतुब रोड से होते हुए पहुँचें।
ग) **उत्तर से:** रानी झाँसी रोड, रानी झाँसी गोल चक्कर, डीबीजी रोड और तदनुसार नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुँचें या मोरी गेट, पुल डफरिन, एस.पी. मुखर्जी मार्ग, कुतुब रोड होते हुए पहुँचें।
घ) **पश्चिम से:** पूसा रोड, हनुमान मूर्ति गोल चक्कर, पंचकुइया रोड, कनॉट प्लेस, चेम्सफोर्ड रोड होते हुए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे या डीबीजी रोड होते हुए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे।
ई) **दक्षिण से:** कनॉट प्लेस, चेम्सफोर्ड रोड और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक पहुंचने के लिए या डीबीजी रोड के माध्यम से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक पहुंचने के लिए।

**3. आईएसबीटी कश्मीरी गेटः**

क) **नई दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली से:** मदर टेरेसा क्रिसेंट – पार्क स्ट्रीट – मंदिर मार्ग – पंचकुइयां रोड – रानी झांसी रोड और रानी झाँसी फ्लाईओवर – बुलेवार्ड रोड।
ख) **पश्चिमी दिल्ली से:** पूसा रोड, हनुमान मंदिर गोल चक्कर, फैज रोड, रानी झाँसी रोड और उसके बाद ऊपर बताए अनुसार।
ग) **उत्तरी दिल्ली से:** कोई प्रतिबंध नहीं है।
घ) **उत्तर–पूर्वी दिल्ली से:** युधिष्ठिर सेतु, बुलेवार्ड रोड, मोरी गेट, पुल डफरिन, एस.पी. मुखर्जी मार्ग, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन।

4. **जे.पी.एन. अस्पतालः** कोई रोक नहीं है।

5. **कस्तूरबा अस्पतालः** अजमेरी गेट – अजमेरी बाजार – चौक हौज काजी – चावड़ी बाजार – चौक – बरशाबुल्लाह – उर्दू बाजार।

### मार्ग परिवर्तन

**यमुनापार क्षेत्र से**

**(i) जी.टी. रोड/आईएसबीटी कश्मीरी गेट पुलः**

कौड़िया पुल/लाल किला/पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए जाने वाली बसें वाया आईएसबीटी पुल (युधिष्ठिर सेतु) से चलेंगी और बुलेवार्ड रोड – मोरी गेट यू टर्न के पास समाप्त होंगी।

आईएसबीटी पुल (युधिष्ठिर सेतु) के लिए 'यू' टर्न लेने के लिए मोरी गेट से 'यू' टर्न लेने के बाद बुलेवार्ड रोड से वापसी का मार्ग लेंगी।

नई दिल्ली/कनॉट प्लेस/केंद्रीय सचिवालय के लिए जाने वाली बसें नए आईएसबीटी पुल – बुलेवार्ड रोड–रानी झांसी फ्लाईओवर–रानी झांसी रोड–मंदिर मार्ग–पेशवा रोड–गोले मार्केट और शिवाजी स्टेडियम टर्मिनल/केंद्रीय सचिवालय टर्मिनल के रास्ते चलेंगी।

दक्षिण दिल्ली के लिए जाने वाली बसें मंदिर मार्ग तक उपरोक्त मार्ग का अनुसरण करेंगी और शंकर रोड – अपर रिज रोड, साइमन बोलिवर मार्ग – धौलाकुआं होते हुए आगे बढ़ेंगी।

**(ii) विकास मार्गः**

1. उत्तरी दिल्ली जाने वाली बसें वाया मार्जिनल बांध रोड (पुश्ता), जी.टी. रोड, शास्त्री पार्क, आईएसबीटी ब्रिज, बुलेवार्ड रोड होते हुए चलेंगी और आगे बढ़ेंगी।
2. दक्षिण दिल्ली जाने वाली बसें मदर डेयरी रोड, एन एच – 24 के रास्ते निजामुद्दीन पुल की तरफ – रिंग रोड से आश्रम की तरफ बढ़ेंगी।
3. नई दिल्ली जाने वाली बसें यात्रियों को विकास मार्ग, नया सचिवालय बस स्टैंड पर उतारेंगी और विकास मार्ग की ओर वापसी यात्रा के लिए आईपी फ्लाईओवर के नीचे से यू टर्न लेंगी।

### बर्फ-खाना से आने वाली बसें

पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन/कौड़िया पुल/लाल किला/जामा मस्जिद पर समाप्त होने वाली सभी बसों के मार्ग को निम्नानुसार संक्षिप्त किया जाएगाः

1. पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए रोशनआरा रोड से आने वाली बसें तीस हजारी कोर्ट के अंदर भारतीय स्टेट बैंक के सामने समाप्त होंगी।
   वापसी की यात्रा बलुवार्ड रोड से बर्फ खाना की ओर होगी।
2. पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला के लिए पुराने रोहतक रोड से आने वाली बसें मोरी गेट पर समाप्त होंगी।
   वापसी की यात्रा गोखले रोड–जोरावर सिंह मार्ग से होगी।
3. पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला के लिए नये रोहतक रोड से आने वाली बसे तिकोना पार्क और तीस हजारी कोर्ट के प्रवेश द्वारा के बीच गोखले मार्ग पर समाप्त होंगी।
   वापसी की यात्रा गोखले रोड–जोरावर सिंह मार्ग से होगी।
4. पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला के लिए मलकागंज से आने वाली बसें तिकोना पार्क की चारदीवारी से सटे गोखले मार्ग पर समाप्त होंगी।
   वापसी की यात्रा गोखले रोड–जोरावर सिंह मार्ग से होगी।
5. गोखले रोड मोरी गेट गोल चक्कर से पु.स्टे. मेट्रो स्टेशन कश्मीरी गेट और मोरी गेट गोल चक्कर से गोखले मार्केट ''टी'' प्वाइंट की ओर एक–तरफा (वन–वे) होगा।

### अजमेरी गेट/मिन्टो ब्रिज से आने वाली बसें

पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला, भाई मति दास चौक, मोरी गेट, आईएसबीटी, प्रगति मैदान और अंबेडकर स्टेडियम टर्मिनल पर समाप्त होने वाली सभी बसें तुर्कमान गेट के सामने आसफ अली रोड पर समाप्त होंगी।

वापसी की यात्रा जे.एल.एन. मार्ग पर ''यू'' टर्न लेकर आगे की ओर होगी।

### माल रोड साइड से आने वाली बसें

पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला, जामा मस्जिद, कौड़िया पुल पर समाप्त होने वाली सभी बसें मोरी गेट तक बुलेवार्ड रोड पर समाप्त होंगी।

वापसी यात्रा बुलेवार्ड रोड, रिंग रोड और चंदगी राम अखाड़ा, आईपी कॉलेज लाइट पॉइंट से होगी।

### दक्षिणी दिल्ली से आने वाली बसें

लाल किला, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, भाई मति दास चौक (फव्वारा) की ओर जाने वाली बसों को रिंग रोड – एनएच–24, मार्जिनल बांध (पुश्ता) रोड, नया आईएसबीटी पुल के रास्ते मार्ग परिवर्तित किया जाएगा और बुलेवार्ड रोड पर समाप्त होंगी।

वापसी की यात्रा 'यू' टर्न लेकर और आईएसबीटी पुल के रास्ते से होगी।

1. दक्षिणी दिल्ली से कनॉट प्लेस जाने वाली बसों को रिंग रोड की ओर मोड़ दिया जाएगा और आगे अपर रिज रोड़ से करोल बाग गोल चक्कर तक जाएंगी और झंडेवालान पंचकुइयां रोड शिवाजी स्टेडियम टर्मिनल के माध्यम से कनॉट प्लेस पहुंचेगी।
2. आईएसबीटी महाराणा प्रताप टर्मिनल के लिए जाने वाली बसें रिंग रोड की ओर बढ़ेंगी और अपर रिज रोड से करोल बाग गोल चक्कर , फैज रोड, फिल्मिस्तान, आजाद मार्केट चौक, बुलेवार्ड रोड तक जाएंगी और मोरी गेट/आईएसबीटी पहुंचेंगी।
3. दक्षिणी दिल्ली से पूर्वी दिल्ली के लिए जाने वाली बसें रिंग रोड–हजरत निजामुद्दीन पुल– (एनएच – 24) – न्यू पटपड़गंज रोड के रास्ते आगे बढ़ेंगी।
4. दक्षिणी दिल्ली से पूर्वी दिल्ली के लिए जाने वाली बसों को लाला लाजपत राय मार्ग पर आने पर मथुरा रोड पर लोधी फ्लाईओवर नीला गुंबद गोल चक्कर से आश्रम चौक – रिंग रोड की ओर मोड़ा जाएगा।
5. फिरोजशाह रोड से लाल किला, जामा मस्जिद, कौड़िया पुल की ओर जाने वाली और मंडी हाउस की ओर आने वाली बसें मंडी हाउस, रणजीत सिंह फ्लाईओवर से बाराखंभा रोड लेकर तुर्कमान गेट से सामने आसफ अली रोड पर समाप्त होंगी।
   वापसी यात्रा जे.एल.एन.मार्ग, रणजीत सिंह फ्लाईओवर से होते हुए 'यू' टर्न लेकर आगे की होगी।
6. मुद्रिका सेवाएं (बसें) वाया नया आईएसबीटी पुल, शास्त्री पार्क, पुस्ता कैलाश गांधी नगर – विकास मार्ग – मदर डेयरी रोड– एनएच – 24 – निजामुद्दीन पुल – सराय काले खां के लिए बाएं रिंग रोड से होकर गुजरेंगी।

### अंतर्राज्जीय बसें

**आने वाली बसें**

1. गाजियाबाद से दिल्ली की ओर आने वाली सभी बसें भोपुरा चुंगी से होते हुए मोहन नगर से वजीराबाद रोड के लिए और फिर चंदगी राम अखाड़े की ओर– आईएसबीटी से यू टर्न लेकर आईएसबीटी में प्रवेश करेंगी।
2. धौलाकुआं से आने वाली सभी बसों को पंजाबी बाग – आजाद पुर – चंदगी राम अखाड़ा मार्ग लेने के लिए रिंग रोड की ओर मोड़ा जाएगा – फिर आईएसबीटी से यू टर्न लेकर आईएसबीटी में प्रवेश करेंगी।
3. आईएसबीटी और फरीदाबाद (बदरपुर) के बीच चलने वाली सभी बसें या तो सराय काले खां पर समाप्त होंगी या धौलाकुआं पंजाबी बाग – आजाद पुर – चंदगी राम अखाड़ा के रास्ते रिंग रोड की ओर मोड़ा जाएगा– फिर आईएसबीटी से यू टर्न लेकर आईएसबीटी में प्रवेश करेंगी।

**जाने वाली बसें**

1. किसी भी बस को बुद्ध विहार (मठ) के पास रिंग रोड के उत्तरी छोर पर 'यू' टर्न लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उसे ट्रांस यमुना पार जाने के लिए वजीराबाद की ओर मोड़ दिया जाएगा या चंदगीराम अखाड़े से यू टर्न लेने के लिए और शास्त्री पार्क की ओर जाने के लिए आईएसबीटी फ्लाईओवर का लूप लिया जाएगा तथा धौला कुआँ के लिए जाने वाली बसें बुलेवार्ड रोड, रानी झाँसी रोड, लिंक रोड और अपर रिज रोड (वंदे मातरम मार्ग) लेंगी।
2. लोनी बॉर्डर की ओर जाने वाली बसें वजीराबाद पुल से आगे बढ़ेंगी और गाजियाबाद के लिए जाने वाली बसें आईएसबीटी पुल से आगे जाएंगी।

### डीटीसी रिकवरी वैन

डीटीसी रिकवरी वैन (15.08.2023 को प्रातः 5.00 बजे से मार्ग परिवर्तन समाप्त होने तक) निम्नानुसार तैनात की जाएंगी:–

1. केंद्रीय नियंत्रण कक्ष – गोखले मार्ग 2. घटा मस्जिद 3. यमुना बाजार 4. दिल्ली गेट 5. छत्ता रेल चौक।

**नोटः** पूर्व, उत्तर, मध्य, पश्चिम, दक्षिण से आने वाली बसों और बीएसजेड मार्ग–तिलक मार्ग–सुभाष मार्ग–रिंग रोड (चंदगी राम अखाड़ा और हजरत निजामुद्दीन पुल के बीच) का उपयोग करने की इच्छा रखने वाली बसों को इन मार्गों से बचने और उपर्युक्त सुझाए गए वैकल्पिक मार्गों को लेने का निर्देश दिया जाता है।




### विशेष निर्देश

- सामान्य लोगों को कैमरा, दूरबीन, रिमोट कन्ट्रोल कार की चाबियां, छाता, हैंडबैग, ब्रीफकेस, ट्रांजिस्टर, सिगरेट लाइटर, टिफिन बॉक्स, पानी की बोतल, लंच बॉक्स आदि नहीं लाने की सलाह दी जाती है।
- जनता से अनुरोध है कि किसी भी संदिग्ध वस्तु को न छुएं। उनसे अनुरोध है कि किसी भी अज्ञात/संदिग्ध वस्तु की उपस्थिति, व्यक्तियों और वाहनों की संदिग्ध आवाजाही या कुछ भी असामान्य होने की सूचना तत्काल निकटतम पुलिसकर्मी को दें।
- **15.08.2023** तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के क्षेत्राधिकार के ऊपर उप पारंपरिक एरियल प्लेटफार्म जैसे पैरा ग्लाइडर्स, पैरा मोटर्स, हैंग ग्लाइडर्स, यूएवी, माइक्रो लाइट एयरक्राफ्ट्स, रिमोट संचालित एयरक्राफ्ट्स, हॉट एयर बैलून, छोटे आकार के पावर्ड एयरक्रॉफ्ट्स, क्वॉडकॉप्टर्स उड़ाना या एयरक्राफ्ट आदि से पैरा जम्पिंग करना प्रतिबंधित है।

रूट मैप के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

DP/9585/2023

हमें फॉलो करें: @DelhiPoliceOfficial @DelhiPolice @delhi.police_official @delhi.police

ट्रैफिक प्रहरी बनें GET IT ON Google Play या Download on the App Store से ऐप डाउनलोड करें | 24 घंटे ट्रैफिक हेल्पलाइन: 011-25844444/1095 | पुलिस को सूचना देने के लिए कॉल करें 14547 | तुरंत पुलिस सहायता पाने के लिए 112 पर कॉल करें।